पंचदश

बिहार विधान-सभा

द्वादश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 30 माघ, 1935 (श0) / 19 फरवरी, 2014 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) लघु जल संसाधन विभाग	01
(2) श्रम संसाधन विभाग	01
कुल योग —	02

टयूबवेल नही लगाने का औचित्य

05. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जनवरी, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "दो साल में एक भी टयूबवेल नही लगा" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कृषि रोड मैप 2012 से 2017 तक राज्य में सवा चार लाख टयूबवेल जल संसाधन विभाग द्वारा लगाया जाना है, लेकिन अभीतक एक भी टयूबवेल नही लगाया जा सका है ,

(2) क्या यह बात सही है कि इस महत्वाकांक्षी योजना के पूरा नहीं होने से आठ लाख अट्ठाइस हजार हेक्टेयर भूमि सिंचाई से वंचित हो गया है, जबकि 2,236 करोड़ का बजट इस कार्य हेतु स्वीकृत किया गया है ,

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक टयूबवेल नही लगाये जाने का क्या औचित्य है ?

इलाज की सुविधा देना

06. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभान्वित हो रहे 66 लाख बी०पी०एल० परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा बीमा अवधि समाप्त हो जाने के कारण वर्ष 2012 से ही बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

पटना
दिनांक 19 फरवरी, 2014 (ई०)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु० (एल०ए०), 142—डी०टी०पी०—450